## दिनांक 04.08.2025 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद–देवरिया में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

**उपस्थिति**

1. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
2. समस्त सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
3. समस्त जूनियर इंजीनियर, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
4. जिला कोआर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0 एवं अन्य स्टाफ।
5. डी0पी0एम0, मेधज व अन्य।
6. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एल0सी0 इन्फ्राटेक।
7. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 गायत्री–रामकी।
8. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 ऋित्विक–कोया।
9. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 यूनिवर्सल प्रा0लि0।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में 'जल जीवन मिशन' के अन्तर्गत ग्रामीण पेयजल योजनाओं की समीक्षा की गयी, जिसमें अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद–देवरिया में **मे0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रा0लि0** द्वारा आंवटित 365 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 185 नग शिरोपरि जलाशय 253 पम्प हाऊस पूर्ण कराते हुए 173 नग (269 राजस्व ग्राम) पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य कराते हुए जलापूर्ति संचालित की जा रही है एवं शेष पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर मे0 एल0सी0 इन्फ्राटेक को निर्देशित किया गया कि योजनाओं पर मैन पावर बढ़ाते हुए कार्य की प्रगति बढ़ायी जाये। पूर्ण योजनाओं पर रेग्युलर पेयजल आपूर्ति संचालित कराते हुए क्षतिग्रस्त मार्गों को मरम्मत कराया जाना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– मे0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रा0लि0 )**

**मे0 गायत्री प्रोजेक्ट लि0** द्वारा 217 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 147 नग शिरोपरि जलाशय एवं 163 नग पम्प हाऊस पूर्ण कराते हुए 139 नग (213 राजस्व ग्राम) पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य कराते हुए जलापूर्ति संचालित की जा रही है एवं शेष पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर मे0 गायत्री प्रोजेक्ट लि0 को निर्देशित किया गया कि योजनाओं पर मैन पावर बढ़ाते हुए शिरोपरि जलाशय की प्रगति बढ़ायी जाये। पूर्ण योजनाओं पर रेग्युलर पेयजल आपूर्ति संचालित कराते हुए क्षतिग्रस्त मार्गों को मरम्मत कराया जाना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही–मे0 गायत्री प्रोजेक्ट लि0)**

**मे0 ऋत्विक–कोया** द्वारा 214 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 53 नग शिरोपरि जलाशय एवं 59 नग पम्प हाऊस पूर्ण कराते हुए 49 नग (76 राजस्व ग्राम) पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य कराते हुए जलापूर्ति संचालित की जा रही है एवं शेष पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर मे0 ऋत्विक–कोया को निर्देशित किया गया कि पूर्ण योजनाओं पर रेग्युलर पेयजल आपूर्ति संचालित कराते हुए क्षतिग्रस्त मार्गों को मरम्मत कराया जाना सुनिश्चित करें, जिससे ग्रामवासियों को आवागमन में सुविधा हो।

**(कार्यवाही–मे0 ऋत्विक–कोया )**

मे0 यूनिवर्सल प्रा0लि0 द्वारा 74 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 44 नग शिरोपरि जलाशय एवं 49 नग पम्प हाऊस पूर्ण कराते हुए 42 नग (65 राजस्व ग्राम) पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य कराते हुए जलापूर्ति संचालित की जा रही है एवं शेष पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर मे0 यूनिवर्सल को निर्देशित किया गया कि योजनाओं पर मैन पावर बढ़ाते हुए समयान्तर्गत निर्माण कार्य पूर्ण किया जाये। पूर्ण योजनाओं पर रेग्युलर पेयजल आपूर्ति संचालित कराते हुए क्षतिग्रस्त मार्गों को मरम्मत कराया जाना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही–मे0 यूनिवर्सल)

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता/फर्म के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया है कि पाइप लाइन बिछाने के दौरान जो सड़कें क्षतिग्रस्त हो गयी हैं उनको तत्काल ठीक कराया जाये। यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि ग्रामवासियों को आवागमन में कोई असुविधा न हो। योजना की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए योजनाओं के अवशेष कार्यों को समयान्तर्गत पूर्ण कराते हुए हर घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जा सके।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम )

पत्रांक : 1157 / विविध / 08 दिनांक 08/08/25

(प्रत्युष पाण्डेय)
मुख्य विकास अधिकारी

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. जिलाधिकारी महोदया, देवरिया।
2. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), देवरिया।
3. प्रोजेक्ट मैनेजर मे0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रा0लि0/मे0 गायत्री प्रोजेक्ट लि0/मे0 ऋित्विक–कोया/मे0 यूनिवर्सल।

मुख्य विकास अधिकारी